(d) Question does not arise. Quality of

**Russian sub-marines Sindhu**

30. DR. MOHAN BABU: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) whether Russian sub-marines Sindhu purchased by India have not been found upto the expected quality; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI N.V.N. SOMU): (a) and (b) No, Sir. Some submarines of the Sindhu Class were acquired from Russia between 1986 & 1990. These submarines have many distinct design features such as a long range sonar, superior hull design, underwater manoeuvrability etc. The shortcomings of the submarines related to our climatic conditions. The problems have been overcome by the Indian Navy through indigenous/inhouse efforts over the last few years.

**अत्याधुनिक जेट प्रशिक्षण विमानों की खरीद**

31. **श्री सुन्दर सिंह भंडारी** : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अत्याधुनिक जेट प्रशिक्षण विमान खरीदने का मामला किस स्तर पर लम्बित हैं और इसके क्या कारण हैं

(ख) रखरखाव के तरीकें और हवाई दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अनुसंधान सचिव, प्रो. अब्दुल कलाम द्वारा की गई सिफारिशों का ब्यौरा क्या हैं, और

(ग) गत तीन वर्षो में कितनी विमान दुर्घटनाएं हुई और कितने विमान चालक मारे गए और इसके परिणामस्वरूप कितना नुकसान हुआ?

**रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एन.वी.एन. सोमू)** : (क) इस संबंध में चुनिन्दा विक्रताओं के साथ वाणिज्यिक बातचीत की जा रही हैं। उन्नत जेट प्रशिक्षक वायुयान नौवीं योजनावधि में खरीदने का प्रस्ताव हैं।

(ख) वायुयान दुर्घटनाओं से संबंधित डा. अब्दुल कलाम समिति ने अब तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की हैं।

(ग) विगत तीन वर्षो अर्थात् 1994-95, 1995-96 और 1996-97 में क्रमश: 25, 27 और 19 वायुयान दुर्घटनाएं हुई। इन वायुयान दुर्घटनाओं में क्रमश: 07, 15 और 07 पायलट मारे गए। विगत तीन वर्षो में अनन्तिम रूप से क्रमश: 152.30 करोड़ रू. 253.88 करोड़ रू. और 201.51 करोड़ रू. की हानि आकी गई हैं। किन्तु वर्ष 1996-97 में हुई वायुयान दुर्घटनाओं में से 3 दुर्घटनाओं से संबंधित अनन्तिम हानि की राशि इस वर्ष की अनन्तिम हानि के आंकड़ो में शामिल नहीं की गई हैं।

**मनाली-शरबी और तान्दी संसारी सड़को का निर्माण**

32. **श्री महेश्वर सिंह** : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच हैं कि मानली शरची और तान्दी से किलाड़ के रास्ते होकर संसारी तक पहूंचने वाली सड़क के निर्माण का कार्य सीमा सड़क विकास बोर्ड को सौपा गया है

(ख) क्या यह भी सच हैं कि उन सड़को को क्रमश: स्केल-। तथा स्केल –॥ का दर्जा दिया गया हैं जिसके परिणामस्वरूप तान्दी-संसारी सड़क की तुलना में मनाली-शरची सड़क को खोलने हेतु प्राथमिकता दी जाती हैं और

(ग) क्या सरकार सीमावर्ती सड़क होने के नाते किलाड़ से होकर जाने वाली तान्दी-संसारी सड़क को भी स्केल-। का दर्जा दिए जाने पर विचार करेगी?

**रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री** (श्री एन.वी.एन. सोमू) : (क) जी, हां।

(ख) जी, हां।

(ग) सेना ने ऐसी किसी संक्रियात्मक आवश्यकता का प्रस्ताव नहीं रखा हैं।

**हिन्डन हवाई अड्डे से उडाने बंद करना**

33. **श्री सुन्दर सिंह भंडारी** : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: